कोटद्वार,शनिवार
23 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 231 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 **email: nagendra.uniyal@gmail.com**

## देश में रफ्तार पकड़ रहा कोरोना, 24 घंटे में 640 नए मामले



नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले एक बार फिर धीरे–धीरे बढ़ रहे हैं। देश में कोरोना का नया वैरियंट स्ट्रेन खठ.1 मिलने के बाद केंद्र से लेकर राज्य सरकारें सतर्क हो गई हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में 20 दिसंबर को कोविड–19 के 300 नए सक्रिय मामले सामने आए थे और तीन लोगों की मौत हुई थी। वहीं, देश में कोविड–19 के सक्रिय मामलों की कुल संख्या 2,997 है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने जनता को आश्वस्त किया है कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वामीनाथन ने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने तनाव को रुचि के प्रकार के रूप में वर्गीकृत किया है, चिंता के प्रकार के रूप में नहीं।

# टनकपुर और देहरादून के बीच वोल्वो सेवा शुरू ,सीएम धामी ने किया हरी झंडी दिखाकर रवाना

देहरादून। जनपद चम्पावत को आदर्श बनाए जाने की परिकल्पना के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नित नए नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा चंपावत की जनता को एक और सौगात दी गयी है।। अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टनकपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने देहरादून को 42 सीटर वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिससे उत्तराखंड परिवहन निगम टनकपुर, चंपावत के बेड़े में दो वोल्वो बस शामिल हो गयी है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने बनबसा में जगबुड़ा पुल पर बस की विधिवत पूजा अर्चना की। ततपश्चात जगबुड़ा पुल से टनकपुर तक करीब आठ किमी वाल्वो में सफर किया। जनपद के सीमांत क्षेत्र टनकपुर और राजधानी देहरादून के बीच वोल्वो सेवा शुरू होने से लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। टनकपुर और नेपाल सीमा से लगे इलाकों के लोग अब वोल्वो बस से सीधे राजधानी देहरादून तक का सफर कर सकेंगे। इससे आवागमन सुगम होगा। शुक्रवार को टनकपुर में वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता



को सहूलियत उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। लोगों को वोल्वो बस सेवा से आधुनिक और आरामदायक परिवहन की सुविधा मिलेगी। टनकपुर के लिए वोल्वो बस सेवा का उपलब्ध होना पर्यटन परिदृश्य के लिए भी नए आयाम लेकर आएगा। वोल्वो बस प्रतिदिन रात 8 बजे टनकपुर से देहरादून के लिए रवाना होकर दूसरे दिन प्रात 5 बजे देहरादून पहुंचेगी। दूसरी बस प्रतिदिन रात 9 बजे देहरादून से टनकपुर के लिए रवाना होगी और दूसरे दिन प्रातः 6 बजे टनकपुर पहुंचेगी।उन्होंने कहा कि टनकपुर नगर में 5590.70 लाख की लागत से बनने वाले रोडवेज बस टर्मिनल, डिपो वर्कशॉप बिल्डिंग, रीजनल वर्कशॉप बिल्डिंग एवं टायर शॉप के निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत जनपद के टनकपुर शहर में बनने वाले बस टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। जिसमें बस टर्मिनल, बस डिपो अंतर्गत 100 व्यक्तियों का क्षमता युक्त वातानुकूलित प्रतीक्षालय, 100 व्यक्तियों की बैठक क्षमता युक्त फूड कोर्ट, 170 वाहन क्षमता युक्त कार पार्किंग, 20 बेडेड पुरुष एवं महिला डॉरमेट्री, 12 बसों हेतु बोर्डिंग प्लेटफार्म, 24 बसों हेतु बस पार्किंग, 7 बसों हेतु इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग युक्त पार्किंग सुविधा, 20 बसों हेतु वर्कशॉप सुविधा, शॉपिंग स्टोर, रेस्टोरेंट्स, डिस्पेंसरी, एवं क्लॉथ रूम सुविधा, पुरुष एवं महिला सार्वजनिक शौचालय बनाया जाएगा। जनपद आदर्श तभी बनेगा जब जनपद प्रत्येक सुविधाओं से लैस रहेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमें आधुनिक सुसज्जित बस अड्डे के निर्माण को प्राथमिकता देनी होगी तभी बाहर से आने वाले पर्यटकों व यात्रियों को यात्रा करने में सुगमता होगी। आईएसबीटी बनने से रोजगार के साधन भी बढ़ने के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**IHMS KOTDWAR**

17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006

*Institute of Hospitality, Management & Sciences*

"Journey Towards Excellence"

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)

Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education

**Admissions Open 2024-25**

LIMITED SEATS

**CHM**

(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)

**WINTER BATCH**

Admissions Start For (January 2024)

JOB OPPORTUNITIES

RAMADA, CROWNE PLAZA, JAYPEE HOTELS & RESORTS, COUNTRY, COURTYARD Marriott AHMEDABAD, SAYAJI, WELCOMHOTEL, PRIDE, HYATT, TAJ, Marriott HOTELS & RESORTS, RAFFLES

PROGRAMMES AVAILABLE

| M.B.A. | M.C.A | B.H.M. | B.B.A. | B.C.A. | B.Sc. IT | C.H.M. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 Years | 2 Years | 4 Years | 3 Years | 3 Years | 3 Years | 1 Year |

**Mob.: 7902000023, 8057726863**

Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)

Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# सार्वजनिक उद्यम एवं निगमों को 3 श्रेणियों में बांटा जाए : मुख्य सचिव



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्य–कलापों का प्रभावी ढंग से अनुश्रवण एवं उनके कार्मिकों के अधिष्ठान सम्बन्धी विषयों के समाधान के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि सार्वजनिक उद्यम एवं निगमों को 3 श्रेणियों में बांटा जाए। अच्छा प्रदर्शन कर मुनाफे में रहने वाले सार्वजनिक उपकर्म एवं निगम श्रेणी ह्यएह्य में, औसत प्रदर्शन करने वाले सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों एवं स्वायत्तशासी संस्थानों को श्रेणी ह्लबीह्ल में और निम्न प्रदर्शन करने वाले सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों एवं स्वायत्तशासी संस्थानों को ह्यसीह्य श्रेणी में रखा जाए। अच्छा प्रदर्शन करने वाले निगम एवं संस्थानों को भत्तों आदि के लिए स्वतंत्रता दी जाएगी एवं अपने स्तर से निर्णय ले सकेंगे। ह्लबीह्ल और ह्लसीह्ल श्रेणी के सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम आदि अच्छा प्रदर्शन कर निर्धारित मानदण्डों को पूरा कर श्रेणी ह्यएह्य में आ सकेंगे। इससे निगमों में प्रतियोगी भावना भी जागृत होगी और प्रदर्शन में सुधार आएगा।

मुख्य सचिव ने सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो को मजबूत बनाते हुए 15 दिन में मीटिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्य–कलापों का प्रभावी ढंग से अनुश्रवण एवं लक्ष्य आदि निर्धारित करने सम्बन्धी विषयों के समाधान हेतु केन्द्र सरकार द्वारा की गयी व्यवस्था को राज्य में भी लागू करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, अरविन्द सिंह ह्यांकी, विनय शंकर पाण्डेय सहित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# देहरादून में राजभवन कूच कर रहे कांग्रेसी गिरफ्तार

देहरादून। विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस ने शुक्रवार को देहरादून में राजभवन कूच किया। हाथीबड़कला बैरियर पर जुलूस को रोकने पर कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोंक–झोंक भी हुई। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया तो कार्यकर्ता पुलिस वाहनों के आगे लेट गए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कूच में शामिल वाम दलों और सपा नेताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गए। जिन्हें शाम को छोड़ दिया गया। राजपुर रोड कांग्रेस मुख्यालय में राजभवन कूच के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह से जुटने शुरू हो गए थे। दोपहर में साढ़े 11 बजे पार्टी मुख्यालय से राजभवन कूच शुरू हुआ तो जुलूस में समाजवादी पार्टी और वाम दलों के नेता भी शामिल हो गए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में जुलूस हाथीबड़कला पहुंचा तो पुलिस ने डबल बैरकेडिंग लगाकर राजभवन कूच को रोक दिया। इससे आक्रोशित कार्यकर्ता पुलिस से उलझने लगे और वह बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं को भी बैरिकेडिंग पर चढ़ा दिया। यहां करीब डेढ़ घंटे तक कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और



भाजपा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पुलिस नेताओं को बैरिकेडिंग से उतार कर हटाने लगी तो तीखी नोंक–झोंक शुरू हो गई। खुद करन माहरा सड़क पर लेट गए। पूर्व सीएम हरीश रावत भी कुर्सी डालकर सड़क पर बैठ गए। बाद में पुलिस ने गिरफ्तारी शुरू कर नेताओं को वाहन में बैठाना शुरू किया तो कार्यकर्ता पुलिस वाहनों के आगे लेट गए। पुलिस उन्हें भी उठाकर वाहनों में ले गई। कांग्रेस के प्रमुख नेताओं समेत 70 से अधिक गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ता पुलिस लाइन ले जाए गए। जिन्हें शाम को छोड़ दिया गया।

## एक नजर

### उत्तराखंड को पशुपालन सेक्टर में बेस्ट स्टेट अवार्ड

देहरादून। पशुपालन सेक्टर में बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्तराखंड को बेस्ट स्टेट इन एनीमल हस्बेंड्री अवार्ड–2023 मिला है। बीते रोज दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पुरस्कार ग्रहण किया। एगीकल्चर टुडे समूह कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि के लिए काम करने वाले राज्य, समूह और व्यक्तियों को सम्मानित करता है। देश के पूर्व मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति पी. सदाशिवर की अध्यक्षता में पुरस्कार समिति ने विभिन्न श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को चुना था। पशुपालन मंत्री बहुगुणा ने कहा कि राज्य में पशुपालन सेक्टर लोगों के लिए स्वरोजगार का बड़ा माध्यम बनकर उभर रहा है। सरकार पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है।

### उद्योगपति सुधीर विंडलास समेत पांच एक दिन की सीबीआई रिमांड पर रहेंगे

देहरादून। धोखाधड़ी से जमीन बेचने के आरोप में गिरफ्तार हुए उद्योगपति सुधीर विंडलास समेत पांच आरोपी एक दिन की सीबीआई रिमांड पर रहेंगे। इन पांचों आरोपियों को सीबीआई ने गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया था। शुक्रवार शाम पांचों को एसीजेएम द्वितीय संदीप सिंह भंडारी की कोर्ट में पेश किया। उन्होंने रिमांड मंजूर करते हुए आदेश दिया कि पांचों की सीबीआई रिमांड पूरी होने पर वापस कोर्ट में पेश किया जाए। तब न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजने पर फैसला लिया जाएगा। सुधीर विंडलास और उनके सहयोगियों के खिलाफ पिछले साल राजपुर थाने में जमीन की धोखाधड़ी के तीन मुकदमे दर्ज हुए। एक मुकदमा वर्ष 2018 में दर्ज किया गया था। इन कुल चार मुकदमों की जांच जिला पुलिस कर रही थी। वादी पक्ष की ओर से सरकार से आग्रह किया गया कि इन मुकदमों की जांच सीबीआई को दे दी जाए। 30 सितंबर 2021 को सरकार ने विंडलास पर दर्ज सभी मुकदमों की जांच सीबीआई से कराने की संस्तुति की थी। इस संस्तुति के आधार पर सीबीआई की एंटी करप्शन शाखा देहरादून में चारों मुकदमों को दर्ज कर लिया था। बीते जनवरी में सीबीआई ने विंडलास के घर कोर्ट से अनुमति लेकर तलाशी ली थी। इन चार केसों में अहम साक्ष्य मिलने पर लंबी जांच के बाद सीबीआई ने गुरुवार शाम सुधीर विंडलास समेत इनके कर्मचारी रवि दयाल, महावीर सिंह, राजू रावत और योगेश त्यागी को गिरफ्तार किया।

# नशीले पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम को कार्य योजना बनाएंः सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय ठउड-फऊकी बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि नशीले पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने दवाइयों के रूप में नशीले पदार्थों के प्रचलन को रोकने के लिए भी एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। इसके लिए संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की कार्रवाई की जाय। हल्द्वानी और कोटद्वार में बनाये जा रहे नशा मुक्ति केन्द्रों की संचालन की शीघ्र कार्यवाही की जाए। उत्तराखण्ड के बोर्डर एरिया में नशीले पदार्थों की तस्करी को पूर्णतया रोकने के लिए सघन चैकिंग अभियान चलाया जाय।मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़े ह्यनशा मुक्त शहर–नशा मुक्त गांवह्ल के अन्तर्गत चिन्हित 85 गांव/वार्ड के ग्राम प्रधानों और वार्ड मेम्बर को ह्यजिंदगी को हां नशे को नाह्ल की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री राज्य बनाने के लिए सभी विभागों को प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को



जोड़ा जाए। पुलिस, स्वास्थ्य, विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, समाज कल्याण विभाग और जनपद स्तर पर जिलाधिकारी ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलायें।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जेलों में ड्रग काउंसलिंग सेंटर बनाये जाएं। शिक्षा विभाग पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा और नशे के दुष्प्रभाव से संबंधित विषय शामिल करें। नशा मुक्ति के लिए जागरूकता के साथ ही नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और उच्च शिक्षा विभाग नशा मुक्ति के लिए प्रभावी कार्ययोजना भी तैयार करे। सभी जिलाधिकारी यह प्रयास करें कि उनका जनपद सबसे पहले नशे से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में सेल बनाने की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो बनाये जाएं।बैठक में शासन के अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति के लिए अपने सुझाव दिये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालयों में ड्रग्स कंट्रोल क्लब बनाने, नशा मुक्ति के लिए ई.प्रतिज्ञा लेने, नशा मुक्ति अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने, नशे को रोकने के लिए आधुनिक तकनीक के अधिकतम इस्तेमाल, विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान से सबंधित सुझाव दिये गये। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अमित कुमार सिन्हा, सचिव एच.सी. सेमवाल,डॉ. आर. राजेश कुमार, विजय कुमार यादव, विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव रंजना राजगुरू, निवेदिता कुकरेती, डीआईजी सुश्री पी. रेणुका देवी वर्चुअल माध्यम से नारकोक्सि कंट्रोल ब्यूरो के डिप्टी डायरेक्टर जनरल ज्ञानेन्द्र सिंह, सभी जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

# डॉ. रवि दत्त गोदियाल और आयोग के सदस्यों ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल और आयोग के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग का 22वाँ वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। राज्यपाल ने इस दौरान आयोग के क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य अनिल कुमार राणा, नन्दी राजू श्रीवास्तव, डॉ. ऋचा गौड़, सचिव गिरधारी सिंह रावत, परीक्षा नियंत्रक अवधेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### जल संस्थान मुख्यालय पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन ने शुक्रवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया। मैनेजमेंट पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया गया। पूर्व में दिए गए आश्वासन के बावजूद मांगों के पूरा न किए जाने को मैनेजमेंट की हठधर्मिता करार दिया। तयशुदा कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर से कर्मचारी नेहरू कालोनी जल भवन में जुटे। यहां कर्मचारियों ने मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। प्रदेश अध्यक्ष संजय जोशी ने कहा कि जब एक बार मैनेजमेंट के साथ वार्ता में समझौता हो गया है, तो फिर क्यों मांगों पर कार्रवाई नहीं की जाती। क्यों वार्ता के नाम पर समय खराब किया जाता है। मैनेजमेंट के इसी लापरवाह रुख के कारण सालों से मांगे डंप पड़ी हैं। 2003 में नियमित हुए कर्मचारियों को 1996 से सेवा लाभ देने को हाईकोर्ट के स्तर तक से आदेश होने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। महामंत्री रमेश बिंजौला ने कहा कि जब लोनिवि, सिंचाई विभाग में आईटीआई धारकों को 2400 ग्रेड पे का लाभ मिल रहा है,

# जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शहीद हुआ कोटद्वार का लाल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** जम्मू कश्मीर के पुंछ में एक बार फिर से आतंकियों ने नापाक हरकत की है। पुंछ में आतंकवादियों ने सैन्य वाहन पर हमला किया। राजौरी-पुंछ इलाके में गुरुवार दोपहर आतंकियों ने सर्च ऑपरेशन पर निकले सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला कर दिया। जिसमें कोटद्वार के शिवपुर निवासी 28 वर्षीय सैनिक गौतम कुमार ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। गौतम के शहीद होने की खबर के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस खबर के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गौतम की 11 मार्च को शादी होनी थी।

गौतम बीते शनिवार को ही कोटद्वार से छुट्टी काटकर अपनी ड्यूटी पर वापस लौटे थे और अगले साल 11 मार्च को उनकी शादी होनी थी। शहीद के बड़े भाई राहुल कुमार ने रोते हुए बताया कि गुरुवार रात को 12 बजे भाई की यूनिट से फोन आया कि वे शहीद हो गये। तब से शहीद के घर में कोहराम मचा हुआ है। देश सेवा में शहादत देने वाले कोटद्वार निवासी राइफलमैन गौतम कुमार साल 2014 में गौचर से सेना में भर्ती हुए थे और इन दिनों 89 आर्म्ड रेजीमेंट में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शहीद के बड़े भाई राहुल ने बताया कि दो साल पूर्व हुई पिता की मौत का गम अभी हल्का भी नहीं हुआ था कि भाई के जाने से अब पूरा परिवार टूट गया है। बताया कि गौतम की रायवाला से सगाई हुई थी और इन दिनों उसकी शादी की तैयारियां चल रही थी। शनिवार को ही गौतम छुट्टी से अपनी ड्यूटी पर वापस लौटा था। राहुल ने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले ही गौतम ने अपनी ससुराल फोन पर बात की थी।

बता दें पुंछ के राजौरी में बीते रोज आतंवादियों ने घात लगाकर सेना की दो गाड़ियों पर हमला किया। घटना को अंजाम देने वाले आतंकी भारी हथियारों से लैस थे। आतंकियों ने सेना की गाड़ियों पर जमकर फायरिंग की। जिसके बाद सेना ने भी जवाबी फायरिंग की। इस फायरिंग में सेना के 4 जवान शहीद हो गये, जबकि तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि सेना की गाड़ियां थानामंडी सूरनकोट क्षेत्र में एक संयुक्त चेकिंग अभियान के लिए पहुंची थी। दोपहर 3.45 मिनट पर सेना की गाड़ियां ऑपरेशन साइट पर पहुंची थीं। वाहनों के पहुंचते ही आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें चार जवान शहीद हो गये।



फाइल फोटो शहीद राइफलमैन गौतम कुमार।



शहीद राइफलमैन गौतम कुमार के आवास पर परिजनों को सांत्वना देते हुए लोग।

## 5 दिन पहले ही घर से पोस्ट पर वापस लौटे थे गौतम

गौतम की शहादत की खबर सुनते ही परिजनो में कोहराम मच गया है। गौतम साल 2014 में आर्मी में भर्ती हुए थे। बुधवार रात ही सेना की ओर से परिजनों को गौतम के शहीद होने की सूचना मिली। मिली जानकारी के मुताबिक गौतम कुमार कुछ समय पहले घर आए थे और विगत 16 दिसंबर ही पोस्ट पर वापस लौटे थे।

## 5 लाख की चरस के साथ होटल स्वामी गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** होटल कारोबार की आड़ में नशे की खरीद फरोख्त करने वाले होटल स्वामी को लगभग पांच लाख की चरस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन कोटद्वार विभव सैनी के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार मनीभूषण श्रीवास्तव व प्रभारी सीआईयू मो. अकरम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरूवार को चैकिंग के दौरान गोविंद नगर निवासी नशा तस्कर संजीव कुमार क्षेत्री उर्फ छोटू को 1 किलो 700 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस लगातार एक्शन ले रही है और जनपद में नशीले मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है।

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कोटद्वार :** जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार ने विपक्ष के 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। शुक्रवार को जिला कार्यालय से कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील चौक पहुंचे। जहां उन्होंने पुतले को आग के हवाले किया। कहा कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों, संसद में तानाशाही रवैयों से विपक्ष के 146 सांसदों का निलंबन किया गया है। पुतला दहन करने वालों में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, जिलाध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस रश्मि पटवाल, रमेश खंतवाल, दिनेश खंतवाल, श्रीमती सुनीता बिष्ट, राजीव जखमोला, अमितराज सिंह, कमला देवी, ओम प्रकाश कोटला, मोहन लाल प्रजापति, नसीम अहमद, वीरेंद्र रावत, सतेंद्र सिंह बिष्ट, श्रीमती सुधा असवाल, सुदीप घिल्डियाल, विनय गुसांई, कृपाल सिंह नेगी, गोपाल सिंह गुसांई, मोहन लाल प्रजापति, गुड्डू चौहान, वीरेंद्र सिंह रावत, प्रेम अमोला, सतेंद्र सिंह बिष्ट, राजा आर्य आदि मौजूद थे।

## कार्यशाला में बताई आयकर अधिनियम की धाराएं

**पौड़ी :** आयकर-विभाग के अफसरों द्वारा कोषागार विभाग के समंवय से जिले के सभी आहरण-वितरण अफसरों की आयकर रिटर्न संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में आयकर विभाग के अफसरों ने आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं, सीबीडीटी (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) द्वारा समय-समय जारी गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान आहरण-वितरण अधिकारियों को कार्मिकों का टीडीएस भरते समय की जानकारियां, आयकर की गणना व टैक्स डिडक्शन करने, आयकर गणना के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए को विस्तार से जानकारियां दी गई। इस मौके पर अपर आयुक्त आयकर पूनम शर्मा, आयकर अधिकारी टीडीएस हरिद्वार प्रकाश उपाध्याय, आयकर अधिकारी टीडीएस देहरादून प्रेम चंद जदली, सीनियर चार्टर अधिकारी वेद प्रकाश शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद आदि शामिल रहे।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ एनएसएस शिविर

**कोटद्वार :** श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड़ कोटद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर श्री गुरु राम राय पैरा मेडिकल कॉलेज कोटद्वार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया है। शिविर का शुभारंभ एसजीआरआर पैरा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी, एनएसएस के जिला समन्वयक परितोष रावत ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को देश का एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एवं इससे दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। तात्पश्चात स्वयं सेवी छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही देवी मंदिर चौराहे के समीप स्थानीय लोगों को वाहन चालने के सुरक्षात्मक तरीकों के बारे में जानकारी दी।



# एकेश्वर, दुगड्डा, रिखणीखाल ने जीते वॉलीबाल के फाइनल मैच

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** युवा कल्याण विभाग पौड़ी के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतिम दिन वॉलीबाल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में एकेश्वर ने दुगड्डा को हराया। जबकि अंडर-17 में दुगड्डा ने जयहरीखाल को हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करेंगें।

वॉलीबाल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पोखड़ा, दूसरे सेमीफाइनल में एकेश्वर ने रिखणीखाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में एकेश्वर ने दुगड्डा को हराया। वॉलीबाल स्पर्धा अंडर-17 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पौड़ी को और दूसरे सेमीफाइनल में जयहरीखाल ने रिखणीखाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुगड्डा ने जयहरीखाल को हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पौड़ी और दूसरे सेमीफाइनल में रिखणीखाल ने एकेश्वर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रिखणीखाल ने दुगड्डा को हराया। खो-खो अंडर-14 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में द्वारीखाल ने पोखड़ा, दूसरे सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पाबौ को हराया। फाइनल में दुगड्डा ने द्वारीखाल को हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पौड़ी को हराया, दूसरे सेमीफाइनल में द्वारीखाल ने पोखडा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुगड्डा ने द्वारीखाल को हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में थलीसैंण ने दुगड्डा को हराया, दूसरे सेमीफाइनल में द्वारीखाल ने जयहरीखाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में द्वारीखाल ने थलीसैंण को हराया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान सिंह गुसांई, अंकित पंवार, दिनेश चौहान, मो. इमरान, संजय बिष्ट, दिनेश नेगी, मो. आरिफ, व्यायाम प्रशिक्षक प्रवीन बिष्ट आदि शामिल रहे।

## आज से शुरू होगा विरासत फेस्ट

**श्रीनगर गढ़वाल :** गढ़वाल विवि के पुरातत्व विभाग एवं पहाड़ी महासभा ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार से विरासत फेस्ट का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर गायन, नृत्य, माडलिंग, क्विज, रंगोली, फोटोग्राफी सहित अन्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं अपना हुनर दिखायेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सदस्य सौरभ सिंह रावत ने बताया कि 23-24 दिसंबर को चौरास स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह चौरास परिसर में विरासत फेस्ट का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गढ़वाल विवि के कुलसचिव डा. धीरज शर्मा बतौर मुख्य अतिथि फेस्ट का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर उत्तराखंड की संस्कृति और सभ्यता को बचाने के उद्देश्य से कार्यशाला भी आयोजित की जायेगी। जिसमें पुरातत्व के विभागाध्यक्ष प्रो. वाईएस फर्सवाण बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करेंगे। इस मौके पर डा. नागेंद्र रावत, डा. एस एस बिष्ट, डा. राकेश नेगी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## निहारिका नैथानी राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जनता इंटर कालेज ल्वाली की निहारिका नैथानी अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए, चयनित हुई है। छात्रा के चयन होने पर पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है साथ ही अन्य शिक्षकों ने भी उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

व्यायाम शिक्षक नरेश जुयाल ने बताया कि जनता इंटर कॉलेज ल्वाली की कक्षा 11वीं की छात्रा निहारिका नैथानी ने पौडी के कंडोलिया मैदान में राज्य स्तर की अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया, जिसके बाद उसका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। जिला खेल समंवयक कमल उप्रेती ने बताया कि 23 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर की टीम देहरादून से बिहार छपरा के लिए रवाना होगी। उन्होंने कहा कि निहारिका के चयन होना उसके क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि पूरे पौडी जनपद के लिए गौरव का विषय है। कहा कि आज के समय में ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां किसी से कम नहीं है वह अपनी पूरी मेहनत के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र जुगरान, उत्कर्ष भट्ट व अन्य शिक्षकों ने भी छात्रा के चयन पर खुशी जताई है।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**थलीसैंण :** विकासखंड सभागार थलीसैण में कृषकों को ग्रामीण उधम वेगवृद्धी परियोजना द्वारा क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को शुरु हो गया है। प्रशिक्षण में सहायक प्रबंधक (सेल्स) आशुतोष कौशिक रीप ने परियोजना की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, उद्यम स्थापना, जलवायु अनुकूलन आदि के बारे में कृषकों को बताया। सहायक प्रबंधक (आजीविका) डीएल उनियाल ने क्लाइमेट स्मार्ट कृषि, एकीकृत कीट प्रबंधन, एकीकृत फसल प्रबंधन, जलागम प्रबंधन, पोषण प्रबंधन, जल संरक्षण पर कृषकों को जानकारी दी। सहायक प्रसार (कृषि व पशुपालन) मोहित गोसाई ने जैविक खेती, जैविक उर्वरक आदि के बारे में बताया। इस मौके पर टीआर कोटियाल (ब्लॉक डेवलपमेंट आफिसर थलीसैण) सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## उछास ने सोबन सिंह जीना विवि में अव्यवस्थाओं पर जताया रोष

**अल्मोड़ा(सं)।** उत्तराखंड छात्र संगठन की बैठक में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर रोष प्रकट किया गया। छात्र संगठन ने कहा कि विश्वविद्यालय में व्यवस्थित रूप से कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है। बिना पढ़ाई के परीक्षाएं हो रही हैं और बिना परीक्षा परिणाम आए छात्रों को अपनी जिम्मेदारी पर अग्रिम सेमेस्टर में प्रवेश दिया जा रहा है। उत्तराखंड छात्र संगठन की भावना पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन से व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार करने की मांग की गई और कहा गया कि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्र संगठन को विद्यार्थियों के हितों के लिए संघर्ष को मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में उत्तराखंड छात्र संगठन को मजबूत करने हेतु सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया और बैठक में छात्र संगठन के संयोजक मंडल में अरमान चौधरी, हर्ष काफर, आकांक्षा, सौरव तिवारी, किरन आर्या, दीपांशु पांडे, राकेश बाराकोटी आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अरमान चौधरी ने किया और तय किया गया कि आगामी 24 दिसंबर, रविवार को संगठन की अगली बैठक होगी।

## एनएसएस शिविर का समापन

**बागेश्वर(सं)।** राइंका मंडलसेरा में आयोजित विशेष शिविर का रंगारंग समापन हो गया है। मुख्य अतिथि एवरेस्ट विजेता हरीश राम ने शिविरार्थियों से कहा वह शिविर में बातों को अपने जीवन में आत्मसात किया। विशिष्ट अतिथि सभासद कैलाश राम ने कहा कि शिविर श्रमदान प्रथा को बढ़ाने में सहायक होते हैं। शिविरार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम अधिकारी मुकल भाकुनी ने शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर खुशाल मतोलिया, राम किशन, विक्रम पिल्खवाल, रेनू पांडे, सोनिया आदि मौजूद थे।

## बचन लाल की किताब पर एनएसयूआई ने उठाए सवाल

**बागेश्वर(सं)।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के प्रो. डा.बचन लाल की नई किताब रीतिकालीन काव्य पर एनएसयूआइ ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तक में तमाम त्रुटियां हैं। जिसे पाठ्यक्रम में लागू नहीं किया जा सकता है। हिंदी के साथ मजाक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। शुक्रवार को एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय के कुलपति को संबोधित ज्ञापन बीडी पांडे कैंपस प्रभारी को सौंपा। कहा कि रीतिकालीन काव्य पुस्तक विश्वविद्यालय के तृतीय सेमेस्टर हिंदी साहित्य प्रथम प्रशन पत्र के लिए स्वीकृत है। ऐसा पुस्तक में लिखा गया है। कहा कि यदि पुस्तक विश्वविद्यालय ने स्वीकृत की है तो यह हिंदी के विद्यार्थियों का दुर्भाग्य है। पुस्तक में इतनी अशुद्धियां हैं कि गिन पाना मुश्किल है। छात्र अगर असाइनमेंट जमा करने जाते हैं, तो कई गलतियां बताकर उन्हें जलील किया जाता है। जब प्रोफेसर वह भी हिंदी के अपनी पुस्तक में इतनी गलतियां करें, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। जिस पुस्तक को पढ़कर विद्यार्थी को सेमेस्टर पास करना है, उसका भविष्य क्या होगा। एक प्रोफेसर की ऐसी गल्तियों के लिए क्या विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं है।

## टैक्सी चालकों को जागरूक किया

**बागेश्वर(सं)।** यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर टैक्सी चालकों को जागरूक किया। उन्हें यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया। कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। यातायात व्यवस्था सुगम और सुचारू बनाने के लिए यातायात पुलिस ने कांडा टैक्सी स्टैंड पर जन जागरूकता अभियान चलाया। यातायात प्रभारी चंद्र सिंह भंडारी ने वाहन स्वामी, चालकों को यातायात नियम बताए।

# स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा सम्पन्न

**श्रीनगर गढ़वाल :** गढ़वाल विश्वविद्यालय और कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष पर श्रीनगर से शुरू हुई स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा नैनीताल से मैती संस्था के संस्थापक पद्मश्री डॉ. कल्याण सिंह रावत के नेतृत्व में वापस श्रीनगर पहुंची। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन व पर्यावरणीय मुद्दे विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गुरुवार को गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में स्थित पर्यावरण विज्ञान विभाग में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री डा. कल्याण सिंह रावत, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार मैखुरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर नैनी झील से लाया गया पानी अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया गया। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से भेंट किया गया रुद्राक्ष के पौध का रोपण किया गया। मैती संस्था और यूकॉस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की ओर से मोटे अनाज से बने केलकऊ को गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल को भेंट किया गया।इस अवसर कुमाऊंविवि की ओर से भेंट किये गये 50 वृक्षों को हैप्रेक संस्थान के चित्रा गार्डन में रोपण किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पद्मश्री डा. कल्याण सिंह रावत ने कहा कि यह एक संयोग है कि गढ़वाल विवि, कुमाऊं विवि और चिपको आंदोलन की स्वर्ण जंयती के अवसर पर यह संदेश यात्रा निकाली गयी है। इस मौके पर प्रो. आरके मैखुरी ने मैती संस्था द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किये गये कार्यों को सराहनीय बताया। मंच का संचालन कार्यक्रम के समन्वयक एवं हैप्रेक के निदेशक डा. विजय कांत पुरोहित ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका डा. बबीता पाटनी, वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.सी. सुंदरियाल, विवि के सैर सलीका प्रकोष्ठ के डा. सर्वेश उनियाल, डा. विजयलक्ष्मी, डा. विधु गुप्ता, डा. वैशाली चंदोला, डा राजकमल टम्टा, डा. चण्डी प्रसाद, डा रविंद्र सिंह, डा गिरीश भट्ट, यूकॉस्ट से संतोष रावत, अर्चित पाण्डेय, पारस उपाध्याय सहित पर्यावरण विज्ञान विभाग के शोधार्थी व छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मनोज को मिला वसुंधरा अमृत सम्मान

**श्रीनगर गढ़वाल :** पर्यावरण के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले मैती संस्था के समन्वयक मनोज सती को वसुंधरा अमृत सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आरके मैखुरी और स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा की संयोजिका डा. बबीता पाटनी ने उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया।

## शिक्षकों ने समस्याएं हल करने की उठाई मांग

**पौड़ी :** राजकीय शिक्षक संघ ने मुख्य शिक्षाधिकारी से शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग की है। संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं का जल्द निर-करण करने की मांग की है। शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ ने मुख्यशिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ से मुलाकात की। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसाईं, जिला महामंत्री बिजेंद्र बिष्ट ने सीईओ से स्कूलों में ग्रीष्मकाश में कार्य के बदले उपार्जित अवकाश देने, चयन व प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृति के लिए, जल्द समिति का गठन करने, प्राथमिक स्कूलों में माध्यमिक के शिक्षको को व्यवस्था पर ना लगाने, खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय व राशिस ब्लाक कार्यकारिणी से सहयोग बनाते हुए प्रकरणों का निस्तारण करने की मांग की। इस मौके पर संरक्षक जयदीप रावत, उपाध्यक्ष मनोज काला, संगठन मंत्री राजेश भटट, कंचन लिंगवाल, विजेंद्र तोमर, संजय रावत, अब्बल रावत, संजय रावत आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**पौड़ी :** राइंका खोलाचौरी में गणितज्ञ स्व. श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने गणित संगोष्ठी में समूह चर्चा के माध्यम से विभिन्न रोचक जानकारी साझा की। गणित शिक्षक वीरेंद्र खंकरियाल ने रामानुजन के जीवन और उनके शोध से संबंधित जानकारियां छात्र-छात्राओं से साझा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नवाचार और शोध की ओर प्रेरित होने के लिए खोजी प्रवृत्ति और जिज्ञासा को बढ़ावा देने की बात कही। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश आर्य ने गणित अध्यन के लिए आदर्श वातावरण निर्माण और घर पर निरंतर अभ्यास के लिए बच्चों को प्रेरित किया। गणित शिक्षक वीरेंद्र खंकरियाल ने बताया कि गणित में नवाचारी प्रयोग के लिए अक्षित रैमानी कक्षा नौ, गणित विचार संप्रेषण के लिए कपिल कुमार कक्षा 11 और गणित अध्ययन के लिए सचिन कुमार कक्षा 10, इंदिरा नेगी और तनीक्षा रावत 9 को सर्वोत्तम छात्र-छात्राओं के रूप में चुना गया।

# गुमशुदा महिला को द्वाराहाट पुलिस ने बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

**अल्मोड़ा।** पति से अनबन के चलते घर से गुमशुदा महिला को द्वाराहाट पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से रानीखेत क्षेत्र से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।



बीती 16 दिसंबर को द्वाराहाट निवासी एक व्यक्ति ने थाना द्वाराहाट में सूचना दी कि उसकी पत्नी किसी बात में अनबन होने के कारण घर से नाराज होकर कहीं चली गई है, जिसकी ढूंढ खोज करने पर कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जिस पर थाना द्वाराहाट में गुमशुदगी दर्ज की गई। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा गुमशुदगी का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक थाना द्वाराहाट को गुमशुदा महिला की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना द्वाराहाट राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला की संभावित स्थानों पर तलाश करते हुए सर्विलांस सेल की मदद से सुरागरसी–पतारसी कर गुमशुदा महिला को शुक्रवार 21 दिसंबर को उसके बहन के घर रानीखेत क्षेत्र से सकुशल बरामद किया गया। दोनों पति–पत्नी की थाना द्वाराहाट में काउंसलिंग करने के उपरांत महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** मैसमोर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव और क्रिसमस सेलीब्रेशन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी लोकगीत-लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अव्वल 33 मेद्यावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मैसमोर इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हरीश कुमार ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा शिक्षा के क्षेत्र में मैसमोर का गौरवमय इतिहास रहा है। जिसे नई पीढ़ी सहजता से संभालते हुए आगे बढ़ा रही है। समारोह में प्रियंका और चांदनी ने प्रार्थना गीत की प्रस्तुति दी।

इसके बाद डिंपी, महक व कंचन, वैशाली, सिमरन, डॉली के ग्रुप ने एक से बढ़कर एक लोकनृत्य, लोकगीत, कव्वाली की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शकों के तालियों से खूब वाहवाही बटोरी। वहीं विज्ञान के कई मॉडलों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में हर्ष पंवार और अर्पिता को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा गया। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल की स्कूल टॉपर लीला, इंटर की टॉपर सुहानी व गृह परीक्षा टॉपर प्रियंका को सम्मानित किया गया। खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल आने वाले शुभम मेलवाल, अर्चित धनाई, पवन थापा, पंकज गुसाईं, आशीष रावत, पियूष रावत, डॉली नेगी, अंकित कुमार, सौरभ जैरवाण को पुरस्कार प्रदान किया गया। सिनीयर वर्ग में बेस्ट एनसीसी कैडेट विकास व अर्पिता, जूनियर वर्ग में आयुष सिंह व वैशाली, निबंध प्रतियोगिता में मोनाली, चित्रकला में नीलांशी, टिंकरिंग में 8 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सभासद अनीता काला, राजेश मेंसल, अविनाश जॉन, हरीश विलियम, तरुण चौफिन, बरखा दिलावर, मंजू गोनियाल, अंजू चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. योगेंद्र सिंह और संचालन रवि वर्ग व बीएस नेगी ने किया।

## उत्तराखण्ड राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा के दौरान धारा–144 रहेगी लागू

**अल्मोड़ा(सं)।** उप जिला मजिस्ट्रेट, सदर जयवर्धन शर्मा ने बताया कि दिनांक 23, 24, 26 एवं 27 दिसम्बर, 2023 को उत्तराखण्ड राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा–2023 जो पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक परगना अल्मोड़ा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई जानी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के सम्पादन में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–144 के प्राविधानों के तहत निषेधाज्ञायें लागू है।

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्ष केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर अस्त्र–शस्त्र, अग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी डन्डा लेकर नहीं चलेगा। किन्तु यह आदेश सुरक्षा बलों, शान्ति व्यवस्था में लगे कार्मिकों, अर्द्धसैनिक बलों, पी0एस0सी0 पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अंदर किसी भी बाहरी व्यक्ति की प्रविष्टि निषिद्ध होगी, किन्तु यह आदेश परीक्षार्थी एवं शांति व्यवस्था में तैनात पुलिस बलों आदि व परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी में तैनात प्राधिकृत व्यक्तियों एवं राहगीरों पर प्रतिबन्धित नहीं है। परीक्षा केन्द्र के आस–पास परीक्षा को प्रभावित करने के उद्देश्य से 05 या इससे अधिक व्यक्ति एक झुण्ड बनाकर एक स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों, शादी विवाह तथा शव यात्रा इस आदेश से मुक्त रहेंगी।

## जनपद स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में अंडर–17 में धौलादेवी रहा पहले स्थान पर

**अल्मोड़ा(सं)।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी प्रशान्त कुमार ने बताया कि खेल महाकुंभ के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद स्तर पर आयु वर्ग अंडर–14, अंडर–17, अंडर–19 बालिका वर्ग की खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन खेल मैदान हवालबाग में किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में अंडर–19 में भैंसियाछाना तृतीय स्थान पर, चौखुटिया द्वितीय स्थान पर एवं धौलादेवी प्रथम स्थान पर तथा अंडर–17 में सल्ट तृतीय, भैंसियाछाना द्वितीय एवं धौलादेवी प्रथम स्थान पर रहा। अंडर–14 में लमगड़ा तृतीय स्थान पर, द्वाराहाट द्वितीय स्थान पर तथा भैंसियाछाना की बालिकाएं प्रथम स्थान पर रही।

# जोशीमठ संघर्ष समिति ने दिया धरना

चमोली : जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में तहसील जोशीमठ में शुक्रवार को लोगों ने सांकेतिक धरना देकर आपदा पीड़ितों की सुध लेने की अपील की। सांकेतिक धरने के उपरान्त दोपहर बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर लोगों ने कहा कि 8 अप्रैल को प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में उपजिलाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी चमोली की सहमति पर आपदा प्रभावितों के विविध मांगों पर शीघ्र कार्यवाही का लिखित आश्वासन दिया था जिसके बाद जनवरी में शुरू हुआ आन्दोलन को संघर्ष समीति द्वारा 20 अप्रैल 2023 को स्थगित किया गया था।

ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष समिति के लोगों ने आरोप लगाया कि 8 महीने बीतने पर अब जमीनी ठोस कार्यवाही के स्थान पर सामान्य जन की सुनवाई भी बन्द हो गई है। मुआवजा मिलना तो दूर जिन अन्य घरों का सर्वेक्षण होना था, वह भी चार माह से लगातार टलता जा रहा है। आपदा प्रभावित अभी भी अपने भविष्य को लेकर निश्चित नहीं हैं। आरोप लगाया कि कोई ठोस, व्यावहारिक व व्यापक विस्थापन पुनर्वास नीति भी सरकार अभी तक नही बना पाई है। भेजे ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष समिति ने अपनी पूर्व की 11 सूत्रीय मांगों के साथ ओशीमठ नगर के स्थिरीकरण एवं प्रभावितों के विस्थापन पुनर्वास हेतु जल्द ठोस नीति बनाने, एक निगरानी बनाने की मांग की। ज्ञापन पर संयोजक अतुल सती, प्रवक्ता कमल रतूड़ी, दीपक लाल आदि के हस्ताक्षर हैं। (एजेंसी)

# ऊखीमठ तहसील में माकपाइयों का धरना



रुद्रप्रयाग : भारत की संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा सांसदों के खिलाफ असंवैधानिक कार्रवाई करने पर माकपा कार्यकर्ताओं ने ऊखीमठ तहसील में धरना दिया।धरने का नेतृत्व करते हुए पार्टी के जिला मंत्री बीरेन्द्र गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि 13 दिसम्बर 2023 को संसद पर खुले आम दूसरी बार आतंकी हमला हुआ है और संसद में हुए हमले के खिलाफ जब विपक्षी सांसदों द्वारा देश के गृहमंत्री से सवाल पूछा गया तो विपक्षी सांसदों के सवाल का जवाब देने के बजाए सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा विपक्षी सांसदों पर असंवैधानिक कार्यवाही की गई। दोनों सदनों के 143 सांसदों को निष्कासित किया गया हैं। धरने का नेतृत्व पार्टी के जिला मंत्री बीरेन्द्र गोस्वामी ने किया। जबकि धरने में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता आनन्द सिंह रावत एवं सुरेन्द्र सिंह पुष्पवाण ने भी भाग लिया। इस मौके पर अषाड़ सिंह धिरवाण, बलवन्त लाल, बसन्त लाल, वाणीविलास, अधिवक्ता आलोक तिवारी, सुरेशा सिंह, सुरेन्द्र सिंह पुष्पवाण आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# छात्र—छात्राओं को दी टीडी वैक्सीनेशन की जानकारी

नई टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में नियमित टीकाकरण एवं जंन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को टीडी वैक्सीनेशन विषय पर जानकारी प्रदान की गयी क महाविद्यालय में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. आरके उभान ने किया। उन्होंने कहा कि टेटनस और डिप्थेरिया जैसे गंभीर रोगों से बचाव के लिए टीडी वैक्सीन के टीकाकरण को सभी के लिए आवश्यक है। साथ ही सभी को इसके प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य के तहत देश के सभी स्कूल-कॉलेज में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और सभी को टीडी वैक्सीन के टीके भी लगाए जाएंगे। श्रीदेव सुमन राजकीय चिकित्सालय, नरेन्द्रनगर के डॉ. दीपक रावत और हैल्थ वर्कर सुलोचना बोरा ने बताया कि, टेटनस एवं डिप्थेरिया एक संक्रामक बीमारी है, जो बैक्टीरियम क्लोस्ट्रेडियम टेटानी नामक बैक्टीरिया से होता हैकिसी घाव या चोट में संक्रमण होने पर टेटनस हो सकता है। उच्च रक्तचाप, मांसपेसशियों में ऐंठन, गर्दन में अकड़न, बुखार-खांसी आदि इसके शुरुआती लक्षण होते हैं। बताया कि सेंटर फॉर डिजिज़ प्रीवेंशन एंड कंट्रोल के मुताबिक टेटनस और डिप्थेरिया से बचाव के लिए टीडी वैक्सीनेशन किया जाता हैं। कार्यक्रम में प्रो. आशुतोष शरण, डॉ. संजय कुमार, डॉ. बीपी पोखरियाल, डॉ. सपना कश्यप, डॉ.नूतन भट्ट, लक्ष्मी कठैत, सुरवीर दास आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पैराग्लाइडरों के लिए एसआईवी प्रशिक्षण कोटी झील में

नई टिहरी : देश के विभिन्न राज्यों के 20 युवा पैराग्लाईडरों को तैयार करने के लिए टिहरी के कोटी कालोनी में पर्यटन विभाग के तत्वाधान में इन दिनों एसआईवी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसआईवी प्रशिक्षण का विभिन्न राज्यों से आये युवा तन्मयता से आनंद ले रहे हैं।

इस बाबत जानकारी देते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि हाल ही में टिहरी में कराये गये अंर्तराष्ट्रीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 का आयोजन करवाया गया था। जिसमें यह बात पुख्ता हुई है कि प्रतापनगर को टेक आफ प्वाईंट और कोटी कालोनी को लैडिंग प्वाईंट बनाने से यह स्थल पैराग्लाईडिंग के लिए देश का सर्वदा उपयुक्त स्थल माना गया है। इस फेस्टिवल से टिहरी झील को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बड़ी पहचान भी मिली है। पैराग्लाईडिंग के अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक फेरदी टॉय यहां पवर पैराग्लाईडरों को पैराग्लाईडिंग का एसआईवी प्रशिक्षण मंत्रा के माध्यम से दे रहे हैं। पैराग्लाईडिंग मंत्रा के सीईओ एवं उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् देहरादून के वायुक्रीड़ा विशेषज्ञ तानाजी टाकवे ने बताया कि टिहरी बांध की झील पैराग्लाइडिंग के समस्त प्रकार के प्रशिक्षण कराए जाने को देश में सबसे उपयुक्त है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा सूचना

रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, मुरादाबाद मंडल ने पथरी रेलवे स्टेशन पर/ उसके पास गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी) www.ireps.gov.in पर ई-टेंडरिंग मोड के माध्यम से प्रकाशित की है।

| क्र. सं. | स्टेशन | परियोजना की लागत | अग्रिम राशि जमा (रुपये में) | निविवा दस्तावेज की कीमत GST सहित | निविदा पत्र जमा करने की तारिक व् समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Pathri (PRI) | Rs. 20,13,13,147.82 | Rs. 2,01,31,400 | Rs. 11,800 | 12.01.2024 |

3999/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

पत्र सं. 13/वरि. म. सा. प्र./2023 दिनांक 21.12.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद–244001 द्वारा समरणकर्ताओ से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भंडार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 97235679A | 1. आपूर्ति, साइट पर परिवहन, स्थापना, स्वीकृति, परीक्षण कमीशनिंग और 3 साल की ऑनसाइट व्यापक वारंटी और स्मार्ट कार्ड संचालित स्वचालित टिकट वेंडिंग की सहायता सेवाएँ मशीनें (एटीवीएम) संलग्न विशिष्टता के अनुसार। | 18 Nos | रू. 73920/- | रू. 3695760/- | 11.01.2024 |
| | | 2. आपूर्ति, साइट पर परिवहन, स्थापना, स्वीकृति, परीक्षण कमीशनिंग और 3 साल की ऑनसाइट व्यापक वारंटी और स्मार्ट कार्ड संचालित स्वचालित टिकट वेंडिंग की सहायता सेवाएँ मशीनें (एटीवीएम)। प्रमाणित विनिर्देश के अनुसार | 9 Nos | | | |

नोटः– पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वैब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई–टेंडर मे भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास–।।। डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नही किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्युल निविदा स्वीकृत नही की जाएगी।

4002/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी. ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 10.01.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 09.01.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 19/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर जीर्ण–शीर्ण व क्षतिग्रस्त पोलो को बदलना/मरम्मत का कार्य। | 20000.00 |
| 20/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत बलभद्रपुर अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 16000.00 |
| 21/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत गिवाईस्त्रोत अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 16000.00 |
| 22/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत ध्रुवपुर अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 10000.00 |
| 23/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत जशोदरपुर अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 8000.00 |
| 24/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत हल्दूखाता अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 8000.00 |

पत्रांक: 3186/विविखको/टी–6 दिनांक: 22.12.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)


## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सीनि0डिवी0)**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**उत्तराधिकार वाद सं0 - 04/2023**

मनमोहन सिंह रावत बनाम शशि प्रभा रावत व अन्य

**नोटिस बनाम - आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय उपरोक्त में एक उत्तराधिकार वाद योजित किया है, जिसमें सुनवाई/आपत्ति हेतु दिनांक 08 जनवरी 2024 की तिथि नियत है। यदि किसी को भी कोई आपत्ति दर्ज करनी हो, तो उक्त नियत तिथि दि0 08-01-2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या द्वारा अधिवक्ता मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर पैरवी करें, अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 22-12-2023 को मेरे न्यायालय की मुहर व हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**सिविल जज (सीनि0डिवी0)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीरजा बिष्ट धर्मपत्नी सैन्य संख्या-JC-532026L सूबेदार मुकेश बिष्ट निवासी पदमपुर मोटाढाक, पोस्ट पदमपुर मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड ने अपना नाम पीराजा से बदलकर पीरजा बिष्ट कर दिया है। भविष्य में मुझे पीरजा बिष्ट पत्नी मुकेश बिष्ट के नाम से जाना व पहचाना जाय।

(1509/21)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड पौड़ी

फोन/फैक्स :- 01368-222282 e-mail : eerespauri@gmail.com

पत्रांक 1775 /ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना-02/2023-24 दिनांक 22-12-2023

### ''ई-निविदा आमन्त्रण सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से सक्षम निविदादाताओं से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा ऑन लाईन दिनांक 05-01-2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष इस कार्यालय में खोल जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्ते http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 23-12-2023 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद/ विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत आवासीय भवन टाइप-03 (02 नं0) का नवनिर्माण कार्य | पोखड़ा | 60.00 | 120000.00 | नि0मू0-4000 GST-720 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 10 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 90 दिन |
| 2 | विकास भवन पौड़ी के अनावासीय भवनों (कार्यालय भवन) का अनुरक्षण/सुदृढ़ीकरण कार्य। | पौड़ी | 70.00 | 140000.00 | नि0मू0-4000 GST-720 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 10 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45दिन |
| 3 | विकासखण्ड खिर्सू के राजकीय जूनियर हाईस्कूल श्रीकोट के मरम्मत/अनुरक्षण कार्य | खिर्सू | 41.00 | 82000.00 | नि0मू0-3000 GST-540 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 10 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45दिन |
| 4 | विकासखण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत एकेश्वर बाजार में शिवालय के नीचे क्षतिग्रस्त पुस्ते का निर्माण कार्य। | एकेश्वर | 32.00 | 64000.00 | नि0मू0-2500 GST-450 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 10 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

## सम्पादकीय

# मूल निवास व भू–कानून पर रार

राजनीतिक हित लेने का स्वार्थ कहे या फिर जानबूझकर किसी महत्वपूर्ण मसले को ठंडा बस्ती में डालने की इच्छा, लेकिन इस बार भू–कानून एवं मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर आम जन एवं सरकार के बीच सीधी टक्कर बनने के आसार नजर आने लगे हैं। एक लंबे समय से उत्तराखंड में सशक्त भू–कानून और मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग तमाम संगठन उठा रहे हैं लेकिन न जाने क्यों राज्य बनने के 23 साल बाद भी उत्तराखंड के युवाओं के हित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मसले पर अब तक की सरकारों के कानों पर जूं तक नहीं रहेगी रेंगी। अब तक की सभी सरकारों ने इन दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों को छूने की कोशिश नहीं की जिसके कारण आज उत्तराखंड में न केवल बाहरी लोगों की घुसपैठ हर क्षेत्र में हो चुकी है बल्कि जमीनों को लेकर भी बाहरी लोगों की संख्या चिंताजनक रूप ले चुकी है। उत्तराखंड के बिगड़ते हालातो के बाद अब तमाम संगठनों ने सड़क पर उतरने का मन बना लिया है जिसको लेकर महारैली के माध्यम से सरकार को जगाने का काम किया जाएगा। यह विडंबना ही है कि इस महत्वपूर्ण मसले को न जाने क्यों अब तक की सरकारों ने गंभीरता से नहीं लिया। इधर जनता के विरोध को देखते हुए अब सरकार को भी यह आभास हो चुका है कि इस मुद्दे पर अब आंखें बंद करके सोया नहीं रहा जा सकता है। सियासत गरमाने लगी है तो मुख्यमंत्री ने भी तत्काल हरकत में आते हुए भू–कानून के सिफारिश और मूल निवास को लेकर उच्च स्तरीय समितियां बनाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि दूसरे मुद्दों को लेकर ऐसी समितियां कई बार पहले भी बनती आई है, और ऐसी समितियां को केवल मामला ठंडा करने से अधिक कुछ नहीं समझा जाता। स्थाई राजधानी एवं पलायन आयोग इसके एक ज्वलंत उदाहरण है जिनके गठन की सार्थकता आज तक कोई नहीं समझ पाया। हालांकि इस बार आम जनता के हित से जुड़ा यह मुद्दा समितियां की चाशनियों में लपटकर कोई मिठास दे पाएगा इसकी संभावना कम है। आर पार की लड़ाई का ऐलान हो चुका है और सरकार भी इस बार यह समझ चुकी है कि इस मुद्दे पर त्वरित फैसला लेने का समय आ गया है। मूल निवास पर बढ़ रही कश्मकश को देखते हुए ही मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना पड़ा कि जिन नागरिकों के पास मूल निवास प्रमाण पत्र होगा, उन्हें स्थायी निवास प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्रों की जरूरत नहीं होगी तथा भू कानून के संबंध में समिति द्वारा सौंपी गई सिफारिशों के बारे में प्रारूप तैयार करने के लिए भी एक कमेटी बनाई जा रही है। लड़ाई इस बात को लेकर है कि सरकार स्थायी निवास प्रमाण पत्र और मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर स्थिति स्पष्ट करे। बहरहाल आंदोलन की सुलग रही चिंगारी को देखते हुए यह आदेश तो जारी कर ही दिए गए हैं कि जिनके पास मूल निवास प्रमाण पत्र है, उनके लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र की बाध्यता नहीं होगी। इसी तरह भू कानून की बात करें तो पिछले साल सितंबर में गठित भू कानून समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी लेकिन शासन स्तर पर आज तक समिति की सिफारिश पर कार्रवाई करने की आवश्यकता सरकार ने नहीं समझी। सरकार की यह कछुआ चाल खुद यह बताने के लिए काफी है कि इन मुद्दों पर अब तक की सरकारें कितनी संवेदनशील रही है? भू कानून समिति ने राज्य में जमीन खरीदने के मानकों को कड़ा करने, राज्य के प्रत्येक भूमिधर को भूमिहीन होने से बचाने, निवेश के नाम पर ली जाने वाली भूमि पर लगने वाले उद्यम में राज्य के 70 प्रतिशत लोगों को रोजगार देने, प्रदेश में 12.50 एकड़ से अधिक भूमि के आवंटन पर रोक लगाने समेत कई अन्य सिफारिशें की हैं। दोनों ही मुद्दे अब आमजन की लड़ाई बन चुके हैं और सरकार के पास अब इस मुद्दे पर पीछे हटने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

# संसद में सब कुछ नया–नया

**अजीत द्विवेदी**



भारत में इन दिनों बहुत कुछ नया हो रहा है और बड़ा भी हो रहा है। ग्रैंड स्केल पर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि उन्हें ईश्वर ने ऐसा बनाया है कि वे छोटा सोच ही नहीं सकते हैं। वे जो सोचते हैं, बड़ा सोचते हैं। तभी उनकी सरकार में सब कुछ बड़ा हो रहा है। संसद की नई और बड़ी इमारत बनी। उसके उद्घाटन का कार्यक्रम भी भव्य हुआ और सैंगोल स्थापित किया गया। नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ उसके पहले दिन दशकों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया और उसी सत्र में पास कराया गया। अब एक दिन में सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड भी बना है। साढ़े तीन दशक पुराना रिकॉर्ड टूटा है। इस नए भवन में सत्तापक्ष के एक सांसद ने विपक्षी पार्टी के एक सांसद के ऊपर उसके धर्म को लेकर टिप्पणी की। संसद सत्र के दौरान नई परंपराएं भी कायम हो रही हैं और सदन की कार्यवाही में अनुशासन तो ऐसा बन रहा है कि ईसाई मिशनरी स्कूलों के हेडमास्टर भी उससे सबक सीख सकते हैं। विधायी कामकाज के भी नए तरीके विकसित हो रहे हैं। विधेयक अब संसदीय समितियों को नहीं भेजे जाते हैं, संयुक्त संसदीय समिति नहीं बनती है और प्रवर समिति भी अपवाद है। सरकार के कामकाज को लेकर सीएजी की रिपोर्ट पेश होने का पुराना सिस्टम भी धीरे धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है।

सांसदों का निलंबनः नए संसद भवन में शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार, 18 दिसंबर को एक दिन में 78 सांसदों को निलंबित किया गया। निलंबित सांसदों में 33 लोकसभा के और 45 राज्यसभा के सदस्य थे। राज्यसभा के 11 सांसदों का और लोकसभा के तीन सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। समिति को तीन महीने में रिपोर्ट देने को कहा गया है। यानी इन 14 सांसदों का निलंबन कम से कम तीन महीने रहना है। इसका मतलब है कि वे जनवरी के आखिर में शुरू होने वाले 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। बाकी सदस्यों का निलंबन सत्र के बचे हुए कार्यकाल यानी 22 दिसंबर तक है। सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को लोकसभा से 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों का कसूर यह था कि वे संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को हुई चूक के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग रहे थे। इसके लिए वे सदन के अंदर तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हालांकि यह पहली बार नहीं हो रहा था। विपक्ष में तो सबसे ज्यादा समय तक भाजपा को ही बैठने का अनुभव है और उसके सांसद भी तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते रहे हैं। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। अब संसदीय परंपरा या लोकतंत्र में विरोध–प्रदर्शन अहम नहीं है, अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है।

तभी लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता और उप नेता सहित 33 सदस्यों को एक दिन में निलंबित कर दिया गया और अगले दिन 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। उधर राज्यसभा में सबसे बेहतरीन वक्ताओं और संसदीय आचरण वाले सदस्यों सहित 45 लोग निलंबित हुए। इससे पहले 14 दिसंबर को 14 सांसद निलंबित हो चुके थे। सो, निलंबित सांसदों की संख्या 141 हो गई। इससे पहले का रिकॉर्ड 63 सांसदों का था। 1989 में इंदिरा गांधी की हत्या की जांच कर रहे जस्टिस ठक्कर आयोग की रिपोर्ट पेश किए जाने के दिन विपक्षी पार्टियों ने हंगामा किया था और तब 63 लोगों को निलंबित किया गया था। हालांकि उसे लेकर एक दावा यह भी है कि 63 लोगों ने सामूहिक इस्तीफा दिया था, जिसे स्पीकर ने स्वीकार नहीं किया था। उस समय भाजपा को ज्यादा मौका नहीं मिल पाया था क्योंकि तब लोकसभा में उसके सिर्फ दो सांसद थे। पिछली लोकसभा में 2015 में विपक्ष के 25 सदस्यों को एक साथ निलंबित किया गया था। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। उसका जवाब देते हुए तब के संसदीय कार्य मंत्री एम वेंकैया नायडू ने 1989 की घटना की मिसाल दी थी और तंज किया था कि सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड किसने बनाया है! अब भगवान का शुक्र है कि वह रिकॉर्ड भी भाजपा के नाम हो गया है।

संसद में अभद्र टिप्पणीः नए संसद भवन में हुए पहले ही सत्र में भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के ऊपर बहुत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने उनके धर्म को लेकर और एक व्यक्ति के तौर पर उनके ऊपर बेहद अपमानजनक टिप्पणी की। घटना 21 सितंबर की है, जब चंद्रयान–तीन और जी–20 की सफलता पर चल रही चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने दानिश अली को निशाना बनाया था। तीन महीने बाद भी यह मामला विशेषाधिकार समिति के पास लंबित है। समिति ने बिधूड़ी को पहली बार जब बुलाया था तब वे चुनाव प्रचार के ज्यादा जरूरी काम के लिए राजस्थान जा रहे थे। इसलिए मामला टलता गया। अब बताया जा रहा है कि समिति के सामने उन्होंने माफी मांग ली है तो यह मामला खत्म हो सकता है। लेकिन वह टिप्पणी भी अद्वितीय थी क्योंकि उससे पहले सदन में किसी ने किसी सदस्य के लिए वैसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया था। अब देखते हैं कि भाजपा सांसद का बनाया वह रिकॉर्ड कब और कौन तोड़ता है!

नई संसदीय परंपराः संसद की एक परंपरा रही है कि जब सत्र चल रहा होता है तब सरकार को जो भी बयान देना होता है वह सदन के अंदर देना होता है। उस समय सदन से बाहर बयान नहीं दिए जाते हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह परंपरा भी पुरानी हो गई है और हो सकता है कि गुलामी की मानसिकता वाली भी हो। तभी नए संसद भवन की आजाद भारत की परंपरा के तहत सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी के एक दैनिक अखबार को इंटरव्यू दिया। वे आमतौर पर इंटरव्यू नहीं देते हैं और मीडिया से बात करने की जरुरत नहीं समझते। लेकिन शीतकालीन सत्र के दौरान जब संसद की सुरक्षा में सेंध लगी तो उसके बाद उन्होंने एक अखबार को इंटरव्यू दिया और कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मसला है, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए और पता लगाया जाना चाहिए कि इसके पीछे कौन है। इस पर वाद–विवाद नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने एक अखबार को इंटरव्यू दिया और केंद्रीय गृह मंत्री ने एक टेलीविजन चैनल को इंटरव्यू दिया। विपक्षी सांसद चाहते थे कि गृह मंत्री ने न्यूज चैनल को जो कहा है वही बात वे संसद में आकर कहें। पता नहीं विपक्षी सांसद न्यूज चैनल में गृह मंत्री की बात सुन कर संतुष्ट क्यों नहीं हुए? वे सदन में आकर उनके बयान देने की मांग करते रहे और अपने इस आचरण के लिए निलंबित हो गए तो अब सरकार से सवाल पूछ रहे हैं! कायदे से विपक्षी सांसदों को अपना आचरण सुधारना चाहिए। उन्हें सरकार से सवाल पूछने और विरोध प्रदर्शन आदि करने से बचना चाहिए। नए दौर में इसे अनुशासनहीनता माना जा सकता है। इस मौके के मौजूं वसीम बरेलवी का एक शेर है– चरागों के बदले मकां जल रहे हैं, नया है जमाना नई रोशनी है।

# चीन की अपने ही हाथों बदनामी !

**श्रुति व्यास**

हांगकांग सुर्खियों में है। इस हफ्ते वहां लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता और पूर्व मीडिया शहंशाह जिमी लाई पर लंबे समय से रूके मुकदमे की कार्यवाही शुरू हुई। यह मुकदमा हांगकांग की वैश्विक प्रतिष्ठा को कसौटी पर कसेगा।

लाई हांगकांग का एक जाना–माना नाम था और है। एक मीडिया शहंशाह और लोकतंत्र–समर्थक कार्यकर्ता के तौर पर वे इस क्षेत्र में सीसीपी (चीन की कम्युनिस्ट पार्टी) के सबसे शक्तिशाली आलोचकों में से एक थे। वे बंद हो चुके लोकतंत्र–समर्थक समाचार पत्र 'एप्पल डेली' के संस्थापक थे और 2014 के अंब्रेला मूवमेंट विरोध प्रदर्शनों और 2019 के प्रत्यर्पण कानून विरोधी प्रदर्शनों में सबसे आगे रहे थे। हांगकांग का राष्ट्रीय सुरक्षा कानून इसी तरह की असहमति को कुचलने के लिए बनाया गया था।

माना जा रहा है कि करीब 250 कार्यकर्ताओं, सांसदों और प्रदर्शनकारियों को इसके उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लिया गया है। लाई राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का निशाना बनने वाले सबसे प्रमुख और शुरूआती व्यक्तियों में से एक थे। उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत विदेशी शक्तियों से मिलीभगत के साथ ही राजद्रोह का आरोप भी लगाया गया है। यदि उन्हें दोषी पाया जाता है, जिसे कई लोग लगभग निश्चित मान रहे हैं, तो इस ब्रिटिश नागरिक को अपनी बची हुई पूरी जिंदगी जेल के सींखचों के पीछे बितानी पड़ेगी।

बीजिंग लंबे समय से चीन की मुखर आलोचना के कारण लाई और उनके 'एप्पल डेली' समाचारपत्र से नफरत करता रहा है। सन् 1995 में स्थापित एप्पल डेली जल्दी ही चीनी भाषा का एक लोकप्रिय टेबोलाईड बन गया जिसमें हल्की–फुल्की सामग्री और हांगकांग व बीजिंग की सरकार की आलोचना का मिश्रण होता था। सन् 2021 में हांगकांग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत अखबार की संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया, उसके दफ्तरों पर छापा मारा और उसके कई प्रमुख संपादकों और लेखकों को गिरफ्तार कर लिया। (पूरे हांगकांग में उस वर्ष प्रकाशित हुए उसके अंतिम अंक को खरीदने के लिए लंबी–लंबी कतारें लग गईं थीं )। लाई पर लगाए गए आरोप अंशतः एप्पल डेली में प्रकाशित उन लेखों पर आधारित हैं जिनमें चीनी एवं हांगकांगी अधिकारियों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए जाने का आव्हान किया गया था। प्रॉसिक्यूशनका तर्क है कि यह विदेशी शक्तियों के साथ सांठ–गांठ करने जैसा है! समाचारपत्र के छह कर्मचारियों ने सन् 2022 में इस आरोप को सही बताया।

लाई पर चलाया जा रहा यह मुकदमा पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का दायरा असाधारण रूप से व्यापक है। इसके क्षेत्राधिकार में ऐसे लोग, जो हांगकांग के निवासी नहीं हैं द्वारा हांगकांग के बाहर की की गयी गतिविधियां भी शामिल हैं। लाई को ब्रिटेन के टिम ओवेन नामक अपनी पसंद के वकील की सेवाएं लेने की इजाजत नहीं दी गई (मुकदमे की कार्यवाही शुरू होने में हुए देरी का एक कारण यह विवाद भी था) और जूरी के बजाए उनके मुकदमे की सुनवाई सरकार द्वारा नियुक्त न्यायाधीश करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत चले मुकदमों में दोषसिद्धी की दर 100 प्रतिशत है। न्याय विभाग के मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि यदि कोई आरोपी बरी हो भी जाता है तो उसे दुबारा मुलजिम बनाया जा सकता है। इस बात की प्रबल संभावना है कि लाई को अपनी बची हुई जिंदगी जेल में गुजारनी पड़े। इसके और लाई के ब्रिटिश नागरिक होने के मद्देनजर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड केमरून और अमरीका ने अब जाकर उन पर मुकदमा चलाए जाने की निंदा की है और उनकी रिहाई की मांग की है।

जिमी लाई का मुकदमा निःसंदेह एक ढकोसला है और मूलतः अन्यायपूर्ण है। यह मुक़दमा खुले न्यायालय में चलाया जा रहा है। इस मुकदमे की कार्यवाही में सारी दुनिया के लोगों की रूचि है। हांगकांग के रहवासी तो सोमवार को मुक़दमे की कार्यवाही देखने के लिए कतारों में खड़े हुए। यह मुकदमा न केवल एक मुखर प्रमुख मीडिया व्यवसायी से संबंधित है बल्कि दरअसल यह बीजिंग–शासित हांगकांग के भविष्य से भी संबंधित है। हालाँकि, फैसला क्या होगा, यह शायद पहले से ही तय है।

## आबकारी नीति घोटाला : ईडी में पेश नही हुए अरविंद केजरीवाल, सम्मन को बताया गैर कानूनी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के चर्चित आबकारी नीति घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल को ईडी ने सम्मन भेज कर पेश होने के लिए कहा था, लेकिन केजरीवाल ने ईडी के सम्मन को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताते हुए पेश होने से इनकार कर दिया। ईडी के सम्मन पर केजरीवाल ने जवाब दिया है कि यह सम्मन राजनीति से प्रेरित है। इसे ईडी को वापस लेना चाहिए। साथ ही कहा कि मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। यह सम्मन भी पिछले सम्मन की तरह गैर कानूनी है।वहीं, इस मामले में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। संबित पात्रा ने कहा कि इन्होंने मनीष सिसोदिया को सूली पर चढ़ाया। ये जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, लेकिन कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं। जेल में सारे आसन की सुविधा है।

## भूमिहीन परिवारों के लिए 1.3 लाख घर बनाएगा असम

**गुवाहाटी ,(एजेंसी)।** असम सरकार मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत कम से कम 1.3 लाख घर बनाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) से अलग है, जो उन लोगों को टारगेट करती है जिन्हें केंद्र सरकार की योजना से लाभ नहीं मिला है। असम कैबिनेट ने गुरुवार शाम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की मौजूदगी में यह फैसला लिया। इसके अलावा, राज्य कैबिनेट ने निर्णय लिया कि 13 जिलों, शहरी और ग्रामीण, दोनों में भूमिहीन कम से कम 1,540 स्वदेशी परिवारों को भूमि निपटान लाभ प्राप्त होंगे। राज्य सरकार की पहल मिशन बसुंधरा 2.0 के तहत, भूमि रहित स्वदेशी परिवारों के लिए भूमि बंदोबस्ती की जाएगी।

## फांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर किसी न किसी नेता को आमंत्रित किया जाता है। इस साल फांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे पहले फांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने 14 जुलाई को पेरिस में आयोजित बेस्टिल डे परेड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि बनने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने। इससे पहले 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह परेड में अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस साल फांसीसी राष्ट्रपति को आमंत्रित कर के भारत ने फ्रांस के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंध को दर्शा रहा है। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेना के तीनों अंगों की 241 सदस्यीय भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने भी परेड में हिस्सा लिया था।

## बेंगलुरु में कोविड के 21 नए मामले आए, संक्रमण दर में आई कमी

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** कर्नाटक के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने कहा कि राज्य में पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 21 नए मामले सामने आए हैं, लेकिन कोई मौत नहीं हुई है।अधिकारियों ने परिणामों से राहत की सांस ली है, क्योंकि जांच की संख्या पिछले दिन के 808 से बढ़कर 2,263 हो गई है। विभाग ने कहा कि कुल सक्रिय रोगियों की संख्या 92 से बढ़कर 105 हो गई है। इनमें से 85 घर पर अलग-थलग हैं, जबकि 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भारत 2024-25 के दौरान दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में एक होगा, फिच का अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिच रेटिंग्स का अनुमान है कि भारत 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की लचीली जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक होगा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एजेंसी ने जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

फिच की रिपोर्ट के अनुसार, "सीमेंट, बिजली और पेट्रोलियम उत्पादों की मांग मजबूत बनी रहेगी और 2023 में उच्च आवृत्ति वाले आंकड़े कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर से काफी ऊपर बने रहेंगे। भारत के बढ़ते बुनियादी ढांचे के खर्च से इस्पात की भी मांग बढ़ेगी।" फिच ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि 2023 में मजबूत वृद्धि के बाद नरमी की हमारी उम्मीद के बावजूद कारों की बिक्री में भी वृद्धि जारी रहेगी।

अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2030 तक, भारत का सकल घरेलू उत्पाद जापान से अधिक होने का अनुमान है, जिससे भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि प्रमुख विदेशी बाजारों में धीमी वृद्धि से कमजोरी के बावजूद भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि से कंपनियों में मांग बढ़ेगी। इससे इनपुट लागत का दबाव कम होने से मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में मुनाफा 2022-23 के स्तर से 290 आधार अंक ऊपर पहुंच सकता है। इससे कंपनियों को उच्च पूंजीगत व्यय के बावजूद पर्याप्त रेटिंग बनाए रखने में मदद मिलेगी।

जीडीपी में बड़ा योगदान करने वाले भारत के आईटी क्षेत्र के बारे में रेटिंग में कहा गया है कि अमेरिका और यूरोजोन में मांग में नरमी से आईटी सेवाओं की बिक्री वृद्धि में नरमी आने की आशंका है, लेकिन कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने और वेतन के दबाव में कमी से मुनाफे में बढ़ोतरी होनी चाहिए।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती मांग से सीमेंट और इस्पात क्षेत्रों में उद्योग संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। हमारा मानना है कि भारत की संरचनात्मक मांग दृश्यता, सरकार की ओर से आपूर्ति में पक्ष सुधार और स्वस्थ कॉरपोरेट और बैंकों के बैलेंस शीट से वित्त वर्ष 2023 में तेजी के बाद अधिकांश क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय में और वृद्धि होगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 और अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। आईएमएफ ने कहा कि देश की वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीद है, जिसे व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता का समर्थन मिलेगा।

दिसंबर 2023 में, गोल्डमैन सैक्स रिसर्च ने भी अनुमान जताया था कि 2024 में भारत की विकास दर 13 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक 6.2 प्रतिशत होगी। चीन के 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ दूसरे स्थान पर रहने का अनुमान है। वहीं, एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2024-2026 के दौरान भारत की जीडीपी सालाना 6 से 7.1 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023-24 और 2024-25 के लिए 6.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान लगाया है।

हालांकि केंद्रीय बैंक ने प्रमुख नीतिगत दरों में यथास्थिति बनाए रखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 50 आधार अंक बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। अक्टूबर की बैठक में रिजर्व बैंक ने 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से यह संशोधन भारत में जुलाई-सितंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक वृद्धि 7.6 प्रतिशत रहने के बाद किया है।

# जयपुर में एक महीने के बच्चे को कोरोना, ऑस्ट्रेलिया से जोधपुर आई युवती भी पॉजिटिव, लगातार बढ़ रहे मरीज

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की राजधानी जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना संक्रमित हो गया। वहीं, जोधपुर में भी एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वह पांच दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटकर आई थी। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब थी। कोरोना के लक्षण दिखने पर उसने जांच कराई, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

कोरोना संक्रमित 19 साल की युवती महामंदिर क्षेत्र में रहती है। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। साथ उसके संपर्क में आए लोगों और परिवार वालों का सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है।

इससे पहले गुरुवार को जयपुर में दो कोरोना संक्रमित मिले थे। वहीं, बुधवार को जैसलमेर में भी दो कोरोना पॉजिटिव सामने आए थे। वहीं, आज शुक्रवार को भी दो संक्रमित मरीज मिले हैं। इससे प्रदेश में



कोरोना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।


इधर, कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने एक आदेश जारी कर स्टेट कोविड मैनेजमेंट टीम का गठन कर दिया है। इसे लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा ने बताया- केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे में कोविड प्रबंधन के लिए प्रदेश में टीम का गठन किया गया है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते को स्टेट कोविड मैनेजमेंट कमेटी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रबंधक निदेशक आरएमएससीएल अनुपमा जोरवाल, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गौरव सैनी, अति. निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एसएमएस अस्पताल की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. भारती मल्होत्रा, आईडीएसपी के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण असवाल, आरयूएचएस के डॉ. अजीत सिंह और राजमेस की उप निदेशक डॉ. वंदना शर्मा को इस कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह कमेटी कोरोना की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाएगी।कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। सरकार ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सर्दी, जुकाम और खांसी के मरीजों से दूरी बनाने के लिए कहा है। साथ ही ऐसे लक्षण वाले मरीजों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

## संसद की लड़ाई सड़क पर, सांसदों के निलंबन के खिलाफ जंतर-मंतर पर गठबंधन का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का संग्राम सड़क पर आ गया है। सांसदों के निलंबन पर शुक्रवार को इंडिया गठबंधन ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सिर्फ दिल्ली में ही नहीं, बल्कि देश भर में किया जा रहा है। जंतर मंतर पर तमाम बड़े नेता जुटे हुए हैं और सांसदों के निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन की यह चिंगारी हिमाचल में भी सुलग रही है। कांग्रेस ने हमीरपुर शहर में रैली निकाल कर गांधी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं और लोकतंत्र को समाप्त करने पर लगी हुई है। इसका कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। बता दें कि संसद में हुए हमले के बाद के सांसदों को लोकसभा तथा राज्यसभा से निलंबित किया गया है। सांसदों को निलंबित करने के विरोध में प्रदेश भर में जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन कर रही है। जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अगवाई में हुए इस प्रदर्शन में काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिफर मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी की जमानत मंजूर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओं को 10-10 लाख रुपए का मुचलका जमा करने का निर्देश भी दिया। यह जानकारी आज डॉन समाचारपत्र ने दी। न्यायमूर्ति सरदार तारिक मसूद की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने पीटीआई पार्टी की याचिकाओं पर यह आदेश दिया। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित मामला है, जिसके बारे में संघीय जांच



एजेंसी ने आरोपपत्र में कहा था कि श्री खान ने इसे कभी वापस नहीं किया।

पीटीआई लंबे समय से कहती आ रही है कि राजनयिक दस्तावेज में श्री खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। विशेष अदालत (सरकारी गोपनीयता कानून) ने श्री खान और श्री कुरैशी को 13 दिसंबर को इस मामले में दूसरी बार दोषी ठहराये जाने के बाद पिछले सप्ताह अदियाला जेल में नए सिरे से सिफर मामले में सुनवाई शुरू की थी। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी श्री कुरैशी को इस मामले में पहली बार 23 अक्टूबर को दोषी ठहराया गया था।

दोनों ने खुद को निर्दोष बताया था। इसकी सुनवाई अदियाला जेल में चल रही थी और चार गवाह पहले ही अपने बयान दर्ज करा चुके थे, लेकिन इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने जेल में सुनवाई के लिए सरकार की अधिसूचना को गलत करार दिया था और पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान के अभियोग का समर्थन करते हुए उनकी याचिका का निपटारा कर दिया था, लेकिन विशेष अदालत के न्यायाधीश को निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया था।

पिछले महीने पीटीआई ने इस मामले में श्री खान की गिरफ्तारी के बाद जमानत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया था कि यह सर्वोच्च अदालत का स्पष्ट और स्थापित सिद्धांत है कि जमानत को सजा के रूप में कभी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

# पीएम आवास के बाहर फुटपाथ पर पद्म श्री रखकर लौटे बजरंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव होने के बाद नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध शुरू हो गया है। बृजभूषण शरण सिंह का विरोध करने वाले पहलवान चुनाव के नतीजों से बेहद निराश हैं। साक्षी मलिक के कुश्ती छोड़ने के बाद बजरंग पूनिया ने अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पूनिया को प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर पद्म श्री पुरस्कार रखकर लौटते देखा जा सकता है।

बजरंग ने सोशल मीडिया पर अपना पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करने के बाद प्रधानमंत्री से मिलने की कोशिश की थी। वह उनके आवास पर भी पहुंचे थे, लेकिन उनके पास प्रधानमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं थी। (प्रधानमंत्री से मिलने के लिए पहले से अनुमति लेना अनिवार्य है) इस वजह से पुलिस ने उन्हें कर्तव्य पथ पर ही रोक लिया। ऐसे में उन्होंने फुटपाथ पर ही अपना पद्म श्री सम्मान रख दिया।

बजरंग को प्रधानमंत्री आवास तक जाने से रोकने वाले पुलिस अधिकारी और बजरंग के बीच बातचीत का वीडियो भी सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा कि अगर आप प्रधानमंत्री तक यह सम्मान पहुंचा सकते हैं तो पहुंचा दीजिए। पुलिस अधिकारी इसके लिए राजी नहीं हुए। इसके बाद बजरंग ने कहा कि जो भी व्यक्ति यह पद्म पुरस्कार प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकता है। वह उसे यह सम्मान दे देंगे।

बजरंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने उस खत की फोटो भी शेयर की है, जो उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा है। इस खत में उन्होंने कहा है कि महिला पहलवानों के अपमानित होने के बाद वह यह सम्मान लेकर नहीं जी सकते। इसी वजह से वह इसे लौटा रहे हैं।

# सीएसके के साथ जुड़ना बेहद रोमांचक : रचिन रवींद्र




नेल्सन , न्यूजीलैंड के उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) जैसी अद्भुत और ऐतिहासिक फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना उनके लिए बेहद रोमांचक एहसास है।

दुबई में नीलामी में पंजाब किंग्स के मैदान में आने से पहले सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स ने रवींद्र को हासिल करने के लिए एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन बाजी चेन्नई ने मारी और 1.8 करोड़ रुपये में इस कीवी खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा।

रवींद्र ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के साथ एक वीडियो चैट में कहा, चेन्नई के साथ जुड़ना बेहद खास है क्योंकि मैं आईपीएल देखते हुए बड़ा हुआ हूं और अब एक अद्भुत और ऐतिहासिक फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना शानदार है। इसके अलावा, कई कीवी लोगों के साथ शामिल होने के लिए मुख्य कोच के रूप में फ्लेम (स्टीफन फ्लेमिंग), डैज़ (डेरिल मिचेल), डेवोन कॉनवे और मिशेल सेंटनर के साथ, यह जाने के लिए एक अद्भुत टीम है।

रवींद्र भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के दौरान सुर्खियों में आए, जहां उन्होंने 10 पारियों में 578 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। वो टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। बाएं हाथ के बल्लेबाज, जो बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं, उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 18 टी20 भी खेले हैं।

रवींद्र को यह भी लगता है कि आईपीएल उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने का मौका देगा। इसके अलावा, विश्व स्तरीय बल्लेबाजों धोनी, जडेजा, फ्लेम (स्टीफन फ्लेमिंग) और फिर बल्लेबाजी कोच के रूप में माइक हसी जैसे कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, आप बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं और जब भी आप क्रिकेट खेलते हैं तो विकास की मानसिकता के साथ आगे बढ़ते हैं।

# चूल्हे की बुझी लकड़ियों से बैट बनाकर खेलने वाला झारखंड का रॉबिन मिंज आईपीएल में दिखाएगा जलवा



रांची , । झारखंड के नक्सलवाद प्रभावित गुमला जिले के एक छोटे से गांव के एक आदिवासी परिवार का 21 वर्षीय लड़का रॉबिन मिंज आईपीएल के लिए प्लेयर्स की नीलामी के बाद अचानक से चर्चा में आ गया। उसे गुजरात टाइटन्स ने 3 करोड़ 60 लाख रुपए में खरीदा है। वह झारखंड का पहला आदिवासी प्लेयर है, जिसे इंटरनेशनल लेवल क्रिकेट लीग खेलने का मौका मिला है। रॉबिन पिछले सात सालों से रांची में रहकर क्रिकेट खेल रहा है। मंगलवार के पहले उसे रांची में भी गिने–चुने लोग ही जानते थे, लेकिन अब उसका नाम इस शहर–राज्य के क्रिकेट प्रेमियों की जुबां पर है। छह–सात साल की उम्र से क्रिकेट खेल रहे रॉबिन के पिता फ्रांसिस जेवियर मिंज एक्स आर्मी मैन हैं, जो आजकल रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बतौर गार्ड तैनात हैं। उसका पूरा परिवार गुमला के रायडीह प्रखंड के एक छोटे से गांव सिलम पांदनटोली में रहता है।

गांव में रहने वाले उनके भाई–भाभी और परिवार की माली हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके घर में एक अदद टीवी तक नहीं है। रॉबिन के भाई प्रकाश मिंज ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उसके भीतर बचपन से ही क्रिकेट को लेकर जुनून था। घर में मां चूल्हे में जो लकड़ियां जलाती थीं, उन्हें बुझाकर रॉबिन बैट बनाता था और क्रिकेट खेलने गांव के मैदान में चला जाता था। लगन देख पिता ने रॉबिन को लकड़ी का बैट थमाया था। बाद में वह उसे रांची ले गए, जहां उसने क्रिकेट कोचिंग ली। 10वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने खुद को पूरी तरह क्रिकेट को समर्पित कर दिया। इस साल की शुरुआत में जुलाई में मुंबई इंडियंस के यूके दौरे के लिए उसकी तलाश की गई थी।

# संजय सिंह चुने गए डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष, साक्षी मलिक ने किया कुश्ती छोडने का ऐलान



नई दिल्ली , डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के सहयोगी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। 21 दिसंबर को भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव हुए। मतदान दिन में नई दिल्ली में हुआ और मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद गिनती शुरू हुई। भारतीय कुश्ती महासंघ में शीर्ष पदों के लिए चुनाव वैश्विक कुश्ती संस्था, यूनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग के लिए डब्ल्यूएफआई पर लगाए गए निलंबन को हटाने के मार्ग भी प्रशस्त करता है। दिल्ली में गुरुवार शाम को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इस दौरान साक्षी मलिक भावुक हो गईं और कुश्ती त्यागने का ऐलान कर दिया। उन्होंने अपने जूते उतारकर टेबल पर रख दिए और उठकर वहां से चली गईं। इससे पहले साक्षी ने कहा कि हम लड़ाई नहीं जीत पाए कोई बात नहीं। हमारा समर्थन करने देशभर से दूर–दूर से आए लोगों का आभार। हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

# इंग्लैंड के खिलाफ कैरेबियाई टीम ने सीरीज पर 3—2 से किया कब्जा



तरौबा ,वेस्टइंडीज ने पांचवें और अंतिम टी20 मैच में इंग्लैंड पर चार विकेट से निर्णायक जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज 3–2 से अपने नाम कर ली।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ 2023 में हालिया सफलताओं के बाद कैरेबियाई टीम ने लगातार तीसरी टी20 श्रृंखला जीती है।

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से छह महीने से भी कम समय बाकी है। इस बीच कैरेबियाई टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही है। मेगा–इवेंट से पहले टीम के लिए यह अच्छी खबर है, जिसकी वो संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह–मेजबानी भी करेंगे।

गुरुवार को खेला गया सीरीज का आखिरी मैच लो स्कोरिंग था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड 132 रन ही बना पाई।

इंग्लैंड की पारी में जोस बटलर 11 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए, उनके बाद विल जैक और फिल साल्ट (38) का महत्वपूर्ण विकेट गिरा।

दोनों अकील और गुडाकेश मोती की स्पिन जोड़ी का शिकार बने। लियाम लिविंगस्टन (28) और मोईन अली (23) ने टीम को एक सम्मानजनक टोटल तक पहुंचाया। जवाब में वेस्टइंडीज ने यह लक्ष्य 4 विकेट शेष रहते 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर हासिल कर लिया और 3–2 से सीरीज जीत सुनिश्चित की। शाई होप की नाबाद 43 रन की पारी ने वेस्टइंडीज की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के स्पिनर गुडाकेश मोती को इंग्लैंड की पारी के दौरान तीन विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि इंग्लिश ओपनर फिल साल्ट ने अपने दो शतकों और 331 रनों के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता।

# इन–स्विंगर, उनके शस्त्रागार में नया हथियार, पूजा वस्त्रकर के लिए काम आया



मुंबई , मध्यम तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला के एकमात्र टेस्ट के शुरुआती दिन भारत के लिए स्टार रहीं, उन्होंने 4–53 विकेट लेकर मेजबान टीम को गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया को 219 रन के मामूली स्कोर पर समेटने में मदद की। वस्त्रकर के लिए जो अंतर पैदा हुआ वह इन–स्विंगर था जो उन्होंने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से पहले दोनों टीमों के वीडियो देखने के बाद विकसित किया था।स्वाभाविक रूप से, मेरे पास आउट–स्विंग है लेकिन इन दोनों टीमों के वीडियो देखने के दौरान, (हमने देखा कि) उन्हें आने वाली गेंदों का सामना करने में कुछ कठिनाई का सामना करना पड़ता है। हमने गेंद को डगमगाती सीम के साथ अंदर लाने की कोशिश करने के लिए प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास किया। वस्त्राकर ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में दिन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, गेंद डगमगाती सीम के साथ अच्छी तरह से कट करती है और बल्लेबाजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उनका प्रदर्शन और भी अधिक सराहनीय था क्योंकि वस्त्रकर, जिन्होंने डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले सप्ताह के एकमात्र टेस्ट की दूसरी पारी में 3–23 के अपने सर्वश्रेष्ठ आंकड़े का दावा किया था, एसजी रेड –गेंद के साथ अपने दूसरे मैच में ही गेंदबाजी कर रही थी।24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया और उसी साल कैशरा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद का टेस्ट भी खेला और इस तरह पहली बार एसजी लाल गेंद से गेंदबाजी कर रही थी। उन्होंने कहा कि लाल गेंद को नियंत्रित करना मुश्किल है लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें दो टेस्ट मैचों की तैयारी में मदद करने के लिए बिल्डअप में प्रतिदिन विशिष्ट ओवर फेंकने को कहा।लाल गेंद की गति को नियंत्रित करना मुश्किल है। जब हम घरेलू टी20 खेल रहे थे तो गेंदबाजी कोच और प्रशिक्षकों ने हमारे कार्यभार को परिभाषित किया था। हम सिर्फ चार ओवर नहीं फेंक रहे थे, हमें लक्ष्य दिए गए थे जैसे हमें एक सप्ताह में 24 ओवर फेंकने थे। और अगले में 32। हमें (गेंदें) गेंदों को गिनना था और उन्हें डेटा भेजना था, यही कारण है कि जब हम बैंगलोर (शिविर के लिए) पहुंचे, तो हमें लाल गेंद से ज्यादा कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा। मध्य प्रदेश के बिलासपुर की 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, चार दिवसीय अभ्यास मैच से हमें मदद मिली।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com